महत्वपूर्ण एवं खास

दुर्ग-राजेंद्रनगर एक्सप्रेस आज रद्द रहेगी

रायपुर (आरएनएस)। दानापुर मंडल के राजेंद्रनगर-आरा स्टेशनों में हुए स्टूडेंट आंदोलन के कारण 24 जनवरी को राजेंद्रनगर से चलने वाली गाड़ी संख्या 13288 राजेंद्रनगर-दुर्ग एक्सप्रेस को रद्द किया गया था। इसके फलस्वरूप रैक अनुपलब्धता के कारण 26 जनवरी को दुर्ग से चलने वाली गाड़ी संख्या 13287 दुर्ग-राजेंद्रनगर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

13 जवान के साथ 53 नये कोरोना पॉजिटिव मिले

सुकमा (आरएनएस)। जिले में 1180 लोगों के स्वाब सैंपल की जांच की गई। इनमें कोरोना संक्रमण के 53 नए मामले मिले। सुकमा ब्लाक में 204 लोगों के स्वाब सैंपल की जांच में 29, कोंटा ब्लाक में 471 लोगों के स्वाब सैंपल की जांच में 08 एवं छिंदगढ़ ब्लाक में 505 लोगों के स्वाब सैंपल की जांच में 16 कोरोना मरीज मिले। इनमें 13 सीआरपीएफ जवान व 03 स्वास्थ कार्यकर्ता की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। सीआरपीएफ की सेकंड बटालियन के 09 जवान में कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई।

दुल्हन को लेकर लौट रहे दूल्हे को अचानक सीने में हुआ तेज दर्द, मौत

बालोद/रायपुर (आरएनएस)। विदाई वाली दुल्हन को घर लौट रहे दूल्हें के सीने में तेज दर्द होने के कारण रास्ते में उसकी मौत हो गई। जिसके बाद खुशियां मातम में तब्दील हो गई । घटना के बाद से परिवार वालों का रो रो कर बुरा हाल हो गया है घटना बालोत थाना क्षेत्र के ग्राम लाटाबोड़ की है। जानकारी के मुताबिक मृतक छगनलाल साहू को सीने में तेज दर्द हुआ जिसके बाद रास्ते में उसकी मौत हो गई।

दोस्त की हत्या कर लाश को मिट्टी में छिपाने वाले दो युवक गिरफ्तार

बेमेतरा (आरएनएस)। बेमेतरा जिले में एक युवक की दो लोगों ने मिलकर हत्या कर दी। हत्या की खबर से इलाके में सनसनी फैल गई है। परिवार में मातम पसर गया है। पुलिस मामले की तहकीकात कर रही। मिली जानकारी के मुताबिक दोनों युवकों ने मिलकर की नाबालिग की हत्या की है। मर्डर के बाद लाश को मिट्टी में छिपा दिया था, लेकिन पुलिस ने लाश को ढूंढ निकाला। मृतक उमेश पाटील उम्र 11 वर्ष ग्राम फरी का रहने वाले नाबालिग दोनों युवकों के साथ बाहर निकला था, जिसके बाद वह वापस नहीं आया, घर आई तो उसकी मौत की खबर। लाश मिलने के बाद गांव में हड़कंप मच गया है। मामला ग्राम बीजाभाट का है घटनास्थल पर पुलिस जांच के लिए पहुंची। पुलिस इस वारदात को अलग-अलग एंगल से देख रही है। जल्द इसमें बड़े खुलासे हो सकते हैं।

दिनदहाड़े घर घुस कर अज्ञात आरोपी नें युवक को चाकू मार कर मौत की घाट उतारा,मामला दर्ज

भिलाई (आरएनएस)। भिलाई के हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी चरोदा वार्ड 23 में हत्या का मामला सामने आया है। अज्ञात आरोपी ने युवक की चाकू से वार कर हत्या कर दी है। जिस वक्त से ये वारदात हुआ उस समय उसकी पत्नी व बच्चे घर के दूसरे कमरे में सो रहे थे। मिली जानकारी के मुताबिक, भिलाई के हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी चरोदा वार्ड 23 में एक युवक की हत्या हो गई है। किसी अज्ञात आरोपी ने युवक के घर में घुसकर चाकू मार कर उसकी हत्या कर दी। जिस समय ये वारदात उस समय पत्नी व बच्चे घर के दूसरे कमरे में सो रही थे। घर वालो को इस बात का पता सुबह चला है जिसके बाद मृतका की पत्नी रानी शर्मा व परिजनों को इस बात की सूचना पुलिस को दुसरे दिन दी। मृतक का नाम सुनील शर्मा 35 वर्ष बताया जा रहा है। भिलाई तीन पुलिस हत्या की जांच में जुटी है।

निर्वाचन में उत्कृष्ट कार्य के लिए कलेक्टर भीम सिंह हुए सम्मानित

» विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत प्रदेश में सर्वाधिक फार्म का हुआ निराकरण

» समय-सीमा के भीतर दावा-आपत्तियों का भी किया गया निराकरण, प्राप्त दावा-आपत्तियों में 91 फीसदी लिए गए थे ऑनलाईन

» 12 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस का हुआ ऑनलाईन आयोजन

रायगढ़। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 12 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन 25 जनवरी 2022 को ऑनलाईन किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के मुख्य सूचना आयुक्त एम.के.राउत, राज्य निर्वाचन आयुक्त ठाकुर राम सिंह, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने कार्यक्रम को संबोधित किया।

वर्ष 2021 में समग्र रूप से निर्वाचन कार्यो के संपादन में सर्वश्रेष्ठ जिला के रायगढ़ जिला को प्राप्त हुआ है। इसके लिए 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2020 के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में रायगढ़ जिले के कलेक्टर भीम सिंह को सम्मानित

किया गया। इस मौके पर कलेक्टर भीम सिंह ने कहा कि जिला निर्वाचन कार्य में लगे अधिकारी-कर्मचारियों के टीम भावना का परिणाम है, जो हम यह उपलब्धि हासिल कर सके है। जिले में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत समय-सीमा के भीतर प्राप्त फार्म तथा दावा-आपत्तियों का निराकरण किया गया। साथ ही बूथ लेवल स्तर की सभी जानकारी गरूड़ एप में अपलोड किया गया तथा प्राप्त शिकायतों का भी त्वरित निदान किया गया। इन सभी कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की गई। जिसका परिणाम रहा कि रायगढ़ ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जिसके फलस्वरूप जिले को यह सम्मान प्राप्त हुआ है। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी शिखा राजपूत, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विपिन मांझी, सहित मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के अधिकारीगण उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि जिले में पुनरीक्षण कार्यक्रम 2022 के अंतर्गत प्रदेश में सर्वाधिक फार्म प्राप्त करने तथा दावा-आपत्तियों के निराकरण के लिए किए गए उत्कृष्ट कार्य हेतु जिले को उक्त सम्मान के लिए चयनित किया गया है। इन गतिविधियों के तहत रायगढ़ में इस अवधि में कुल 59 हजार 323 पुनरीक्षण फार्म प्राप्त हुए, वहीं प्राप्त दावा-आपत्तियों का निराकरण भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित समयावधि 20 दिसम्बर 2021 तक जिले के समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालयों द्वारा पूर्ण कर लिया गया। प्राप्त दावा-आपत्तियों में कुल 91 प्रतिशत फार्म ऑनलाईन माध्यम से प्राप्त किए गए तथा शेष फार्म इरो नेट सॉफ्टवेयर में आपरेटर लॉगिन से प्रविष्ट किए गए। पुनरीक्षण अवधि में समस्त बूथ लेवल आफिसर द्वारा गरूड एप में सभी मतदान केन्द्रों अक्षांश देशांश, फोटो व अनिवार्य मूलभूत सुविधाएं भी अपडेट किया गया।

जिला स्तर पर नोडल आफिसर व बीएलओ को भी मिला सम्मान- राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर जिला स्तर पर कार्यरत नोडल अधिकारी व बीएलओ को भी सम्मानित किया गया। जिसमें लैलूंगा से बलसाय भगत, रायगढ़ से सुषमा सिदार, सारंगढ़ से किशोर कुमार नायक, खरसिया से सुशीला महंत, धरमजयगढ़ से विनय कुमार विश्वास को बीएलओ श्रेणी में पुरस्कार मिला। वहीं घरघोड़ा शासकीय महाविद्यालय की प्राध्यापक डॉ.( )श्रुति श्रीवास्तव को प्रोफेसर नोडल आफिसर पुरस्कार दिया गया।

बाघों के संरक्षण एवं संवर्धन में आम नागरिकों की भागीदारी महत्वपूर्ण

रायपुर (आरएनएस)। बाघों के संरक्षण व संवर्धन के लिए वन विभाग द्वारा आम नागरिकों से अपील की गई है। जारी अपील में कहा गया है कि बाघों के संरक्षण में आम नागरिकों की भागीदारी उनकी नैतिक जिम्मेदारी हैं। सभी के सहयोग से ही बाघों का संरक्षण एवं संवर्धन को बढ़ावा मिलेगा। जारी अपील में आग्रह किया गया है कि अचानकमार टाईगर कंजरवेशन फाउण्डेशन के खाता नम्बर 50200025484509, बैंक का नाम-एचडीएफसी बैंक बिलासपुर, आईएफएस कोड -0003659 खाते में दान स्वरूप राशि जमा कर अचानकमार टाईगर रिजर्व में बाघों के संरक्षण एवं संवर्धन में अपना अमूल्य योगदान दें। जारी अपील में कहा गया है कि वन्यप्राणी (संरक्षण) अधिनियम के तहत अचानकमार टाईगर कंजरवेशन फाउण्डेशन की स्थापना की गई है। इसका मुख्य उद्देश्य अचानकमार टाईगर रिजर्व में बाघों के संरक्षण, संवर्धन करने के साथ ही जैव विविधता को प्रोत्साहित करना है। अपील में कहा गया है कि नागरिकों से जो सहयोग प्राप्त होगा वह बाघों के रहवास तथा वन्यजीव संरक्षण में जागृति पैदा करेगा। इसके साथ ही मानव वन्यप्राणी द्वंद को कम करने, वन्यप्राणियों के शोध को बढ़ावा देने, अचानकमार टाईगर रिजर्व के अंतर्गत स्थानीय समुदार को रोजगार प्रदाय करने एवं प्रकृति शिक्षा तथा ईको-टूरिज्म में उपयोग किया जाएगा। अचानकमार टाईगर कंजरवेशन फाउण्डेशन को दान देकर आयकर अधिनियम 1961 की धारा 80 जी के तहत आयकर में छूट का लाभ मिलेगा।

न्याय की तीसरी बयार भूमिहीन ग्रामीणों के साथ भी होगा न्याय : कांग्रेस

» राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना से भूमिहीन मजदूरों के साथ गांव में रहने वाले लोहार बढ़ाई मंदिरों में पूजा करने वाले पुजारियों को मिलेगा आर्थिक मदद

रायपुर (आरएनएस)। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार 26 जनवरी से राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना की शुरुआत कर ग्रामीण व्यवस्थाओं में सहयोगी कृषि कार्यो की सहयोगी भूमिहीन कृषि मजदूर, लोहार ,नाई ,ग्राम पुजारियों के परिवार को आर्थिक मदद करने की शुरवात कर रही है। इसमें 4 लाख 50हजार पंजीकृत भूमिहीन परिवारों को आर्थिक मदद देने के लिए राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन मजदूर न्याय योजना की शुरुआत की है, जिसके लिए 200 करोड़ रुपए की राशि का प्रावधान किया गया है।योजना के माध्यम से उन मजदूरों को आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है जिनके पास अपनी जमीन का एक छोटा सा टुकड़ा भी नहीं है और न ही आय का कोई अन्य साधन है। चरवाहा, बढई, लोहार, मोची, नाई, धोबी और पुरोहित जैसे पारंपरिक काम से जुड़े लोगों को भी इस योजना में शामिल किया गया है। ऐसे लोगों के उपर आर्थिक संकट हमेशा बना रहता था, इस संकट को हमेशा के लिए दूर करने हेतु यह योजना शुरू की गई है।भूमिहीन मजदूरों के लिए शुरू की गई यह देश की पहली और एकमात्र योजना है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना की पहली किश्त 4 लाख 50 हज़ार भूमिहीन मज़दूरों को जारी की जाएगी।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार जनता के प्रति अपने उत्तरदायित्व का बेहतर ढंग से निर्वहन कर रही है जनता ने जिस विश्वास के साथ कांग्रेस को चुना उस विश्वास को पूरा कर रही है। राज्य निर्माण के बाद 15 साल तक भाजपा की सरकार रही उस दौरान किसान, भूमिहीन कृषि मजदूर गांव में रहने वाले लोहार बढाई नाई ग्राम पुजारियों परिवारों के बारे में कभी भी सोचा नहीं गया था। कांग्रेस सरकार बनने के बाद सभी वर्गों के साथ न्याय किया जा रहा है जब न्याय की बात होती है तब उस वर्ग थे शिक्षा दीक्षा स्वास्थ्य रोजगार की समस्यों को दूर करना सहित आर्थिक मदद करना ही न्याय होता है ।

आज नई दिल्ली के राजपथ पर प्रदर्शित झांकियों में से चुन सकते हैं अपनी मनपसंद झांकी

» छत्तीसगढ़ की गोधन न्याय योजना की छटा दिखेगी राजपथ पर

रायपुर (आरएनएस)। 26 जनवरी को नई दिल्ली के राजपथ पर मुख्य समारोह में देश के विभिन्न राज्यों की प्रदर्शित झांकियों में से लोग अपनी मन पसंद की झांकी का चयन कर सकते हैं। लोगों को पहली बार अपनी पसंद की झांकी को चुनने के लिए ऑनलाईन वोट की सुविधा मिली है। इसके लिए सर्वप्रथम लिंक पर अपना रजिस्ट्रेशन कराना होगा। इस लिंक पर देश के राज्यों के नाम का आप्शन चयन के लिए उपलब्ध है, जिसकी झांकी पसंद आई है। छत्तीसगढ़ की गोधन न्याय योजना की झांकी भी राजपथ पर अपनी छटा बिखरेगी।

गौरतलब है कि इस साल देश के सिर्फ 12 राज्यों की झांकियां ही प्रदर्शन के लिए चयनित हुई हैं, जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य भी शामिल है। कृषि प्रधान छत्तीसगढ़ राज्य की इस साल की झांकी गोधन न्याय योजना से संबंधित है। छत्तीसगढ़ की झांकी को रक्षा मंत्रालय की उच्च स्तरीय विशेषज्ञ समिति द्वारा निर्धारित कठिन चयन प्रक्रिया के विभिन्न दौर से गुजरने के बाद यह सुअवसर मिला है।

आयुक्त जनसम्पर्क छत्तीसगढ़ दीपांशु काबरा ने बताया, विशेषज्ञ समिति ने आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर इंडिया-75 न्यू आईडिया की थीम घोषित की है।

गोधन न्याय योजना को न्यू आइडिया के तौर पर चयनित किया गया है। गोधन न्याय योजना पर बनी छत्तीसगढ़ की झांकी की विशेषता है कि वह गांवों में उपलब्ध संसाधन और तरीकों को आधुनिक तकनीक के साथ प्रस्तुत करती है। यह बताती है कि शहरी और ग्रामीण की तकनीक को मिला लिया जाए, तो विश्व की कई समस्याओं का समाधान हो सकता है।

ऐसी है इस बार छत्तीसगढ़ की झांकी- झांकी के अगले भाग में गाय के गोबर को इकट्ठा करके उसे बेचने के लिए गोठानों की ओर ले जाती महिलाओं को दर्शाया जाएगा। ये महिलाएं पारंपरिक आदिवासी वेशभूषा में होंगी। इन्हीं में से एक महिला को गोबर से उत्पाद तैयार कर बेचने के लिए बाजार ले जाते दिखाया जाएगा। महिलाओं के चारों ओर गोठानों में साग-सब्जियों और फूलों की खेती दिखाई जाएगी। नीचे की ओर गोबर से बने दीयों की सजावट की जाएगी। झांकी के पिछले हिस्से में गौठानों को रूरल इंडस्ट्रीयल पार्क के रूप में विकसित होते दिखाया गया है।

बेरोजगारों से पिता-पुत्र ने नौकरी दिलाने ठगे 30 लाख, पीड़ितों ने की एसपी से शिकायत

कोरबा (आरएनएस)। बांकीमोंगरा क्षेत्र में रहने वाले छह बेरोजगार युवकों से एसईसीएल में नौकरी दिलाने के नाम पर करीब 30 लाख रुपये की ठगी किए जाने का सनसनीज मामला सामने आया है। सात पहले यहां रहने वाले पिता पुत्र ने रोजगार का सपना दिखा कर उनके अभिभावकों से पैसा लिए थे। इस मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक से की गई है।

जानकारी के अनुसार बांकीमोंगरा में रहने वाले बृज साहू व उसका पुत्र पुष्पेंद्र साहू उन लोगों को अपना शिकार बनाते थे, जिन्हें रोजगार की तलाश हो। करीब सात साल पहले बांकीमोंगरा व आसपास के क्षेत्र में रहने वाले छह लोगों से पांच-पांच लाख रुपये पिता-पुत्र लिए और एसईसीएल में नौकरी लगाने का भरोसा दिलाया। अपनी उंची पहुंच होने का हवाला देते हुए रूपये लिए थे, पर नौकरी नहीं लगी और नहीं रूपये वापस किए। जब कभी भी नौकरी के लिए पूछने जाते, तो कोई न कोई नया बहाना बना कर वापस लौटा देते थे। पिछले दिनों सभी ने मिल कर पिता-पुत्र पर पैसा वापस लौटाने के लिए दबाव बनाया। नहीं देने पर थाने में शिकायत करने की चेतावनी दी, तब सभी को कुछ रूपये करीबन 1.50 लाख रुपये वापस किए और पुनः मोहलत मांगी, पर निर्धारित समय में पैसा नहीं लौटाए।

गणतंत्र दिवस पर राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके राजधानी रायपुर में और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जगदलपुर में करेंगे ध्वजारोहण

» विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत कोरिया जिला मुख्यालय में फहराएंगे राष्ट्रीय ध्वज

रायपुर (आरएनएस)। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके गणतंत्र दिवस के मौके पर 26 जनवरी को राजधानी रायपुर के पुलिस परेड मैदान में सवेरे नौ बजे ध्वजारोहण करेंगी। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बस्तर जिला मुख्यालय जगदलपुर में राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में ध्वजारोहण करेंगे।

गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू महासमुंद, स्वास्थ्य मंत्री टी.एस. सिंहदेव कवर्धा, कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे राजनांदगांव, वन मंत्री मोहम्मद अकबर दुर्ग, स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम कोरबा, उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कवासी लखमा दंतेवाड़ा, खाद्य मंत्री अमरजीत भगत गरियाबंद, राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल गौरेला, नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया अंबिकापुर, महिला एवं बाल विकास मंत्री अनिला भेड़िया कांकेर, उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल बलौदाबाजार तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री गुरू रूद्र कुमार मुंगेली में ध्वजारोहण करेंगे।

गणतंत्र दिवस पर विधानसभा के उपाध्यक्ष मनोज सिंह मंडावी रायगढ़, संसदीय सचिव गुरूदयाल सिंह बंजारे बालोद, संसदीय सचिव विकास उपाध्याय बिलासपुर, संसदीय सचिव चंद्रदेव राय जांजगीर, संसदीय सचिव चिंतामणी महाराज जशपुर और संसदीय सचिव शिशुपाल सोरी कोंडागांव में राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। विधायक बृहस्पत सिंह सूरजपुर, विधायक अनिता शर्मा धमतरी, विधायक ममता चन्द्राकर बेमेतरा, विधायक विनय जायसवाल बलरामपुर, विधायक चंदन कश्यप सुकमा, विधायक संतराम नेताम नारायणपुर और विधायक विक्रम मंडावी बीजापुर में झंडारोहण करेंगे।

खाद्य-आयुर्वेदिक-पर्सनल केयर और अन्य जरूरी वस्तुओं की टेस्टिंग अब जल्द ही छत्तीसगढ़ में होगी

» मुख्य सचिव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अधिकारियों को दिए निर्देश

रायपुर (आरएनएस)। खाद्य पदार्थों, आयुर्वेदिक उत्पाद, पर्सनल केयर सहित दैनिक उपयोग की अन्य वस्तुओं के प्रयोगशाला परीक्षण (टेस्टिंग) की सुविधा जल्द ही अब छत्तीसगढ़ में होगी। इसके लिए इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केन्द्र, खाद्य विभाग के कालीबाड़ी स्थित परीक्षण-प्रयोगशाला और आयुर्वेदिक कॉलेज रायपुर के ड्रग टेस्टिंग प्रयोगशाला और अनुसंधान केन्द्र में अंतर्राष्ट्रीय स्तर की सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। इन प्रयोगशालाओं के जरिए सर्टिफिक्रेशन का कार्य भी किया जाएगा।

मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए इस संबंध में बैठक ली और अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही जल्द प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कृषि विश्वविद्यालय, कालीबाड़ी और आयुर्वेदिक कॉलेज में पूर्व से स्थापित परीक्षण प्रयोगशालाओं में जल्द से जल्द दैनिक उपयोग की सामग्रियों के गुणवत्ता के लिए सभी प्रकार की जांच प्रक्रिया प्रारंभ की जाए। इसी प्रकार नवा रायपुर में निर्मित होने वाले उन्नत तकनीकों से युक्त प्रयोगशाला का निर्माण भी जल्द से जल्द पूरा कर लिया जाए। छत्तीसगढ़ में जल्द ही एथेनाल का उत्पादन को देखते हुए इसकी गुणवत्ता के जांच के लिए बायो एथेनाल-बायो डीजल प्रयोगशाला की स्थापना के लिए जरूरी प्रक्रिया शुरू कर दी जाए। उन्होंने अधिकारियों के साथ पीपीपी मोड में प्रयोगशाला की स्थापना की संभावनाओं पर भी विचार-विमर्श किया। उन्होंने कहा कि जिन सामग्रियों की जांच इन प्रयोगशालाओं में किया जाना सम्भव न हो उनके लिए अलग-अलग सामग्रियों के परीक्षण एवं टेस्टिंग के लिए अलग-अलग प्रयोगशालाओं के संबंध में कार्ययोजना बनाई जाए, जिससे प्रयोगशालाओं में एक ही प्रकार के जांच का दुहराव न हो सके।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में अधिकारियों ने बताया कि प्रयोगशालाओं में उच्च स्तरीय परीक्षण की सुविधा प्रारंभ होने से खाद्य सामग्रियों और पर्सनल केयर की चीजों के रासायनिक और पोषक तत्व, माइक्रो बायलॉजिकल, हैवी मेटल, कीटनाशक की उपलब्धता, पौधों की गुणवत्ता, विषैले तत्वों की उपस्थिति, एनटीबायोटिक्स की उपलब्धता, फैटीएसिड प्रोफाइल, विटामिन और खनिज तत्व, आर्गेनिक गुणवत्ता सहित अन्य जांच सम्भव हो सकेगी। इसी प्रकार नवा रायपुर में छत्तीसगढ़ वेयर हाउस द्वारा खाद्य पदार्थो की टेस्टिंग के लिए उच्च गुणवत्ता वाले प्रयोगशाला 'स्टेट ऑफ आर्ट' की स्थापना की जाएगी।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनतम्पर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं० 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कुमा सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुरे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक उन्नयन अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियों की जायेगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आकलन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु यह संगठन मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के मूले मिटरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करवाएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU